राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लाट नं. 6, एवरेस्ट कॉलोनी, एपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

द्वारा – ईमेल

क्रमांकःपैरामेडिकल.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2019/1210

दिनांकः 2/12/2019

प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज/संस्थान,
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर, राजस्थान।

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर, के डिप्लोमा कोर्सेज शैक्षणिक सत्रों की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन भरवाये जाने के सम्बन्ध में।

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षाओं एवं रिमाण्डेड/पूरक परीक्षाओं के आयोजन हेतु कौंसिल द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिये गये हैं।

1. सत्र 2018–19 प्रथम वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा के साथ–साथ सत्र 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 के किसी भी विषय/विषयों में अनुउत्तीर्ण अभ्यर्थी रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा हेतु (Attempt गणना सहित) ऑनलाईन आवेदन करेंगे।
2. सत्र 2016–17 द्वितीय वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा के साथ–साथ सत्र 2015–16 के कसी भी विषय/विषयों में अनुउत्तीर्ण अभ्यर्थी रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा हेतु (Attempt गणना सहित) ऑनलाईन आवेदन करेंगे।

तद्हेतु ऑन–लाईन आवेदन भरने की तिथियों एवं शुल्क राशि निम्नानुसार निर्धारित की गई हैः–

ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथियाँ (साधारण शुल्क के साथ)	03.12.2019 से 17.12.2019 तक	प्रथम एवं द्वितीय वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000/– रूपये रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000/– रूपये
ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियाँ (विलम्ब शुल्क के साथ)	18.12.2019 से 22.12.2019 तक	प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000/– रूपये एंव विलम्ब शुल्क – 200/– रूपये रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000/– रूपये तथा विलम्ब शुल्क – 200/– रूपये
ऑन–लाईन आवेदन फार्म भरने की तिथियाँ (डबल परीक्षा शुल्क के साथ)	23.12.2019 से 27.12.2019 तक	प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष मुख्य सैद्धान्तिक परीक्षा शुल्क – 2000+2000= 4000/– रूपये रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा शुल्क 1000+1000= 2000/– रूपये
कॉलेज/संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म वेरिफाई करने की अन्तिम तिथि	29.12.2019	–
कॉलेज/संस्थान द्वारा ऑन–लाईन आवेदन फार्म की सत्यापित सूची, हार्ड प्रति में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर कार्यालय में भिजवाने की अन्तिम तिथि	31.12.2019	–

सत्र 2015–16, सत्र 2016–17, सत्र 2017–18 एवं सत्र 2018–19 के अभ्यर्थियों को कॉलेज/संस्थान अपने स्तर से ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की जानकारी से तुरन्त अवगत करावें, कॉलेज/संस्थान के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा करें। यदि अभ्यर्थी किसी कारणवश निर्धारित समयावधि में ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन भरने में असमर्थ रहता है तो उसके लिए सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान स्वयं जिम्मेदार होंगे।

समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज/संस्थान, ऑन–लाईन आवेदन फार्म की सत्यापित सूची हार्ड प्रति में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर कार्यालय को निर्धारित अवधि में व्यक्तिशः भिजवाना सुनिश्चित करावें।

परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन भरने सम्बन्धी दिशा–निर्देश तथा परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाईन पद्धति के माध्यम से वेबसाइट **http://www.rpcraj.net** पर उपलब्ध हैं।

उप परीक्षा नियंत्रक
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर

क्रमांकःपैरामेडिकल.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2019/

दिनांकः

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. परीक्षा नियत्रंक, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. निजी सचिव, रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
4. प्रभारी सर्वर रूम (राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल) को प्रेषित कर लेख है कि वेबसाईट पर शीघ्र अपलोड करावें।
5. नोटिस बोर्ड, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
6. निजी एवं रक्षित पत्रावली।

–//–
उप परीक्षा नियंत्रक
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर